(3)

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक-मु0अ0-4 (मु0)-नाबार्ड-13-30/2012 4339 /पटना, दिनांक- 10/10/12

प्रेषक,

अरूण कुमार,
संयुक्त सचिव

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

विषयः- योजना शीर्ष 4515-अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय- 103-ग्राम विकास-राज्य योजना-0105-ग्राम विकास की परियोजनाएं (नाबार्ड संपोषित योजना)-उपशीर्ष के अन्तर्गत राज्य के खगड़िया जिलान्तर्गत कार्य प्रमंडल, गोगरी के एन0 एच0-31 बजरंगबली से देउठा नवटोलिया वीरवासा, पैकात होते हुए पहाड़पुर ढ़ाला तक पथ निर्माण कार्य हेतु कुल 10.7949 करोड़ रू0 (दस करोड़ उनासी लाख उन्चास हजार रू0) मात्र की लागत पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार विषयगत योजना शीर्ष 4515-अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय-103-ग्राम विकास-राज्य योजना-उप शीर्ष-0105-ग्राम विकास की परियोजनाएं (नाबार्ड संपोषित योजना)-उपशीर्ष के अन्तर्गत राज्य के खगड़िया जिलान्तर्गत कार्य प्रमंडल, गोगरी के एन0 एच0-31 बजरंगबली से देउठा नवटोलिया वीरवासा, पैकात होते हुए पहाड़पुर ढ़ाला तक पथ निर्माण कार्य हेतु कुल 10.7949 करोड़ रू0 (दस करोड़ उनासी लाख उन्चास हजार रू0) मात्र की लागत पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया जाता है।

1. इस योजना को दो वित्तीय वर्षों अर्थात 2012-13 एवं 2013-14 में पूरा किये जाने का लक्ष्य है।
2. योजना के लिए कार्यपालक अभियंता, से विस्तृत कार्य योजना मांगी जायेगी और उसके अनुरूप कार्यों के समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जायेगा।
3. कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गोगरी द्वारा इस योजना के कार्य सम्पादन हेतु निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे। कार्य निविदा के माध्यम से कराया जाएगा।
4. योजना के क्रियान्वयन से पूर्व इस पर सक्षम पदाधिकारी से प्रावैधिक स्वीकृति प्राप्त कर ली जायगी।
5. इस योजना का व्यय योजना शीर्ष 4515-अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूँजीगत परिव्यय-103-ग्राम विकास-राज्य योजना-0105-ग्राम विकास की परियोजनाएं (नाबार्ड ऋण संपोषित योजना)-उपशीर्ष जिसका विपत्र कोड- P4515001030105 एवं स्कीम कोड- 5369 है, के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2012-13 में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।
6. योजना शीर्ष 4515-अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूँजीगत परिव्यय-103-ग्राम विकास-राज्य योजना-0105-ग्राम विकास की परियोजनाएं (नाबार्ड संपोषित योजना)-उपशीर्ष के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2012-13 में 28254.45 लाख रुपये का बजट उपबंध स्वीकृत है।
7. कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गोगरी द्वारा योजना की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति प्रतिवेदन प्रत्येक माह के 10 तारीख तक निश्चित रूप से अधीक्षण अभियंता, सहरसा एवं मुख्य अभियंता-2, पटना के माध्यम से विभाग को उपलब्ध कराया जाये।
8. इस योजना की स्वीकृति विभागीय मंत्री ग्रामीण कार्य विभाग से संचिका संख्या-मु0 अ0-4 (मु0) नाबार्ड-13-30/2012 में दिनांक 18.07.12 को संचिका के पृ0 6/टि0 पर प्राप्त है।

Scanned with CamScanner

9. इस योजना की स्वीकृति माननीय वित्त मंत्री से संचिका संख्या मु0 अ0–4(मु0) नाबार्ड–13–30/2012 में दिनांक 04.10.12 को संचिका के पृष्ट 13/टि0 पर प्राप्त है।
10. विभागीय स्थायी वित्त समिति द्वारा दिनांक–04.08.11 को इस योजना की स्वीकृति प्राप्त है। यह आदेश वित्त विभाग के संकल्प संख्या–4–45/94–301वि (2) दिनांक 31.01.1995 एवं वित्त विभाग के पत्रांक स्कीम (8)–11–2005–5090 वि (2) दिनांक 15.09.05 के आलोक में आंतरिक वित्तिय सलाहकार की सहमति प्राप्त कर निर्गत किया जा रहा है। आंतरिक वित्तिय सलाहकार की सहमति संचिका सं0– मु0अ0–4 (मु0)–नाबार्ड–13–30/2012 के पृष्ठ संख्या–8/टि0 पर दिनांक–31.07.12 को प्राप्त है।
11. वित विभाग के पत्रांक–770, दिनांक 20.09.2011 के द्वारा सूचित किया गया है कि नाबार्ड से RIDF के अन्तर्गत नई योजनाओं के प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त करने के उपरांत ही स्वीकृति हेतु नाबार्ड को भेजा जाये।

विश्वासभाजन

ह0/- 10/10/12

संयुक्त सचिव

ज्ञापांक– मु0अ0–4 (मु0)–नाबार्ड–13–30/2012 4339 /पटना, दिनांक– 10/10

प्रतिलिपि– कोषागार पदाधिकारी, खगड़िया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/-

संयुक्त सचिव

ज्ञापांक– मु0अ0–4 (मु0)–नाबार्ड–13–30/2012 4339 /पटना, दिनांक– 10/10/1

प्रतिलिपि– माननीय मंत्री के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग/प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग (आय–व्यय शाखा)/ आंतरिक वित्तीय सलाहकार, ग्रामीण कार्य विभाग/मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग/कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग/प्रमंडलीय आयुक्त, मुंगेर/जिला पदाधिकारी, खगड़िया/उप विकास आयुक्त, खगड़िया/अभियंता प्रमुख सह–सचिव, BRRDA, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता–2, पटना, ग्रामीण कार्य विभाग/मु0 अ0–4 (मुख्यालय), ग्रामीण कार्य विभाग/अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, सहरसा/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गोगरी/मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड; बिहार क्षेत्रीय कार्यालय (मौर्या कम्पलेक्स पॉचवीं मंजिल) डाक बंगला रोड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/-

संयुक्त सचिव

Scanned with CamScanner